अवैध कब्जा | मझौली में डायवर्जन की आड़ में शासकीय भूमि को 'प्लाट' बनाकर बेचने का आरोप

बड़े भू-घोटाले की एसडीएम से शिकायत

मझौली, जबलपुर। तहसील मझौली के ग्राम नन्हवारा (वार्ड नंबर 07) में सेंट्रल बैंक के सामने स्थित बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग और शासकीय भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने का एक गंभीर मामला गरमाता नजर आ रहा है।

इस संबंध में स्थानीय निवासी दौलतराम कोरी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिहोरा के समक्ष एक शिकायती पत्र सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और निर्माण कार्यों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है।

क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता दौलतराम कोरी का आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 21, ग्राम नन्हवारा में खसरा नंबर 16 (कुल रकबा 0.85 हेक्टेयर) के एक बड़े हिस्से पर, जो कि शासकीय अभिलेखों के दायरे में आता है, डॉ. सुनील सोनी नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिन लोगों को ये प्लाट बेचे गए हैं, वे अब वहां धड़ल्ले से पक्के भवनों का निर्माण करा रहे हैं। विरोध करने पर कथित तौर पर गुंडागर्दी और डराने-धमकाने का सहारा लिया जा रहा है।

सीमांकन और पुलिस बल की मौजूदगी में लगाए थे निशान

अभिलेखों से यह भी स्पष्ट होता है कि वर्ष 2012 (राजस्व प्रकरण क्रमांक 16/12/2011-12) में तत्कालीन तहसीलदार मझौली के आदेश पर राजस्व निरीक्षक और पटवारी रूपचंद पटेल द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में इस भूमि का सीमांकन (बटांकन) कर निशान लगवाए गए थे जिस पर शिकायतकर्ता की मांग थी कि पुन: जांच और निर्माण पर रोग लगाई जाए।

वर्तमान में एसडीएम सिहोरा को सौंपे गए पत्र में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि डायवर्जन की आड़ में मूल खसरा नंबर 16 की शासकीय भूमि को भी प्रभावित किया जा रहा है। पत्र में मांग की गई है कि 1. इस पूरे खसरा नंबर की पुन: निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके एवं शासकीय भूमि को भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराया जाए इसके साथ ही वर्तमान में चल रहे सभी अवैध निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए।

अब निर्णय का इंतजार

एसडीएम कार्यालय सिहोरा में शिकायत दर्ज होने के बाद अब यह देखना लाजिमी होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है। क्या वाकई डायवर्जन की आड़ में शासकीय भूमि की अवैध प्लाटिंग की जा रही है, या यह आपसी रंजिश का मामला है? यह तो राजस्व विभाग की पैमाइश और जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

दस्तावेजों में डायवर्जन का पेंच

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा द्वारा वर्ष 2015 (आदेश दिनांक 03/06/2015) में आवेदिका श्रीमती मंजूलता पति सुनील कुमार सोनी निवासी वार्ड नं. 03 मझौली के पक्ष में इसी क्षेत्र की भूमि खसरा नंबर 16/2 (रकबा 0.336 हेक्टेयर/36,154 वर्गफुट) का कृषि से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यवपवर्तन (डायवर्जन) स्वीकृत किया गया था। म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 59 के तहत जारी इस आदेश में साफ तौर पर 13 कड़ी शर्तें लगाई गई थीं, जिनमें कहा गया था कि कोई अवैध कॉलोनी का निर्माण नहीं करेगा एवं निर्माण से पूर्व स्थानीय नगर परिषद से नक्शा व निर्माण अनुमति लेना अनिवार्य होगा और यदि भविष्य में प्रस्तुत दस्तावेज कूट रचित या फर्जी पाए जाते हैं, तो डायवर्जन आदेश स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विधायक ने नवनिर्मित भवन का किया अवलोकन

▶ बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिहोरा, नवभारत। जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोसलपुर में संचालित पीएचसी गोसलपुर में सोमवार के दिन सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संतोष वरकडे ने अचानक पीएचसी पहुंचकर संस्था के सभा कक्ष में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनमानस के हित में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व पात्र व्यक्ति को उक्त योजना का समय सीमा पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए साथ ही पीएचसी में उपलब्ध चिकित्सकों पैरामेडिकल स्टाफ आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली।

बैठक के पश्चात विधायक ने लगभग 11 करोड़ की लागत से नवनिर्मित एसएससी भवन का अवलोकन कर भवन में मिली कमियों को जल्द दुरुस्त करने कहा, विधायक ने बताया कि इस भवन का लोकार्पण कर जनता को जल्द सौंपा जावेगा ताकि गोसलपुर सेक्टर के आने वाले लगभग 50 गांव के मरीज को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस भवन का लोकार्पण प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के हाथों से किया जावेगा विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष मोनू पुष्पराज सिंह बघेल, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी, सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल, सचिव प्रदीप यादव, पंच अमित परिहार, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान, डॉ. नेमपौली खरे, डा. सुनील लटियार सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

पिपरिया के सतीश गोल्ड मेडल से सम्मानित

पनागर, नवभारत। रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय जबलपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू और मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर पिपरिया गांव के सतीश को एमएससी गणित में गोल्ड मेडल मिला। जैसे क्षेत्र में इसकी जानकारी मिली सभी खुशी से झूम उठे और स्वागत की तैयारी कर कुशनेर तिराहा में ढोल बाजे के साथ आगवानी के पश्चात जुलूस के रूप में पिपरिया गांव में बनाए मंच तक सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए।

इस मौके पर सतीश का सम्मान पहले माता उमाबाई और पिता गिरानी लाल ने किया। तत्पश्चात अमित यादव ने बधाई गीत गया। शुभकामनाएं उद्बोधन बिरजु केवट, लक्ष्मी पटेल, मनोज प्रजापति, जितेंद्र पटेल, मनोज पहलवान, रामफल पटेल ने दिया। इस अवसर पर करण पटेल, दौलत केवट, नरेंद्र कोरी, नितिन गौतम, शैलेश तिवारी, मुकेश बर्मन, आदित्य पटेल, दीप रजक, चंदन अर्खेल, सोनू सेन, शिव कोरी, दीपक दुबे, आशीष प्रजापति, मनीष प्रजापत, प्रेम लाल कोरी, सुनील कुमार, रागिनी, रोशनी उपस्थित रहे। मंच का संचालन उत्तम मिरी ने किया।

पत्रकार अजय पिंटू शुक्ला बने अध्यक्ष

मझौली। पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनके हितों के संरक्षण तथा संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से कार्यरत अखिल भारतीय पत्रकार एवं दैनिक पंचायती राज न्यूज़ संपादक संगठन ने वरिष्ठ पत्रकार अजय पिंटू शुक्ला को संगठन का संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से संपूर्ण संभाग के पत्रकार जगत में उत्साह का माहौल है। अजय पिंटू शुक्ला को संभाग अध्यक्ष बनाए जाने पर जबलपुर सहित संभाग के विभिन्न जिलों के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पत्रकारों का मानना है कि उनके दीर्घकालीन अनुभव, सक्रियता और कुशल नेतृत्व क्षमता से संगठन को एक नई दिशा और अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

म.प्र. शिक्षक कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

पनागर, नवभारत। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला इकाई जबलपुर द्वारा शिक्षकों की लंबित समस्याओं और विभागीय भ्रष्टाचार के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी को एक तीखा ज्ञापन सौंपा गया है।

संगठन के जिला अध्यक्ष पंडित विश्वदीप पटैरिया के नेतृत्व में सौंपे गए इस पत्र (क्र. 280/2026) में कार्यालय के कर्मचारियों पर काम के बदले खुलेआम पैसों की मांग करने और शिक्षकों को जानबूझकर परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिससे शिक्षक संवर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहले कर्तव्य फिर अधिकार' के मूल मंत्र के साथ सौंपे गए इस छह सूत्रीय ज्ञापन में 35 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके चतुर्थ क्रमोन्नति के प्रस्तावों को 12 महीने से दबाकर रखने, निलंबित व अन्य कर्मचारियों के देयकों व एरियर्स भुगतान में जानबूझकर देरी करने, और कोषालय की आपत्तियों का समय पर निराकरण न करने जैसे गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। इसके साथ ही संगठन ने 12, 24 और 30 वर्ष की पदोन्नति के एरियर्स जारी करने के एवज में की जा रही वसूली, कोषालय को समय पर अनुमोदन न भेजने और सेवानिवृत्त शिक्षकों के अर्जित स्वत्वों को अटकाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। शिक्षक कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी है कि यदि इन सभी जायज और लंबित मांगों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर नहीं किया गया, तो संगठन शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

उर्मिला वाजपेयी का निधन

नवभारत, जबलपुर। शीतलपुरी चेरीताल वार्ड निवासी उर्मिला वाजपेयी का 22 जून की सुबह 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान से सुबह 9 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा। वह दिवंगत पं. भगवतीधर वाजपेयी की पत्नी, मध्य प्रदेश हिंदी एक्सप्रेस के संपादक रवीन्द्र वाजपेयी एवं बीएचईएल के पूर्व महाप्रबंधक अविनाश वाजपेयी की माँ, तथा नीरजा वाजपेयी एवं प्रीति वाजपेयी की सास थीं।

लापता बालक का जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

▶ घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल

करंजिया नवभारत 22 जून। जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम तरेरा में पांच दिनों से लापता एक बालक का क्षत-विक्षत शव जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह ग्राम तरेरा बिहिटोला के कुछ ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें रास्ते में एक बच्चे के शव के अंग अलग-अलग अवस्था में पड़े दिखाई दिए। घटना की सूचना तत्काल ग्रामीणों द्वारा पुलिस और वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान शव की पहचान ग्राम तरेरा निवासी इतिआर खान के पुत्र इमरान खान के रूप में की। परिजनों ने बताया कि इमरान पिछले पांच दिनों से लापता था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस एवं वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव की स्थिति को देखते हुए मौत के कारणों को लेकर विभिन्न आशंकाएं जताई जा रही हैं, हालांकि पुलिस ने किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजिया भेज दिया है।

महाराजपुर-सुहागी में बांटे स्वीकृति पत्र

▶ सुहागी महाराजपुर में जनकल्याण शिविर का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 75, 77 और सुहागी महाराजपुर में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी इन्दू, सम्मिलित हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

शिविर के दौरान विधायक सुशील तिवारी इन्दू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व हितग्राही उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज का यज्ञोपवीत संस्कार 1 जुलाई को सिहोरा में

सिहोरा, नवभारत। ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 1 जुलाई को खितौला के माता महाकाली मंदिर में आयोजित होगा। परम श्रद्धेय गुरुदेव सुरेंद्र दास महाराज के सानिध्य होने वाला यह समाज का 14वां आयोजन है। समाज के उपाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जिन भी पालकों ने अपने बटुकों का पंजीयन पूर्व में कराया है वे तथा अन्य नवीन पंजीयनधारी भी यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल हो सकते हैं।

पौन घंटे की बारिश से लोगों को मिली राहत

▶ चिपचिपी पसीने भरी गर्मी से लोगों ने पाया निजात

नवभारत, बेलखाड़ू। सोमवार को सुबह से धूप और बादलों की आंख मिचौली क्षेत्र में दोपहर तक जारी रही। जहां क्षेत्रीय लोगों को थोड़ी देर धूप के बाद अचानक बादल देखकर लगा कि थोड़ी देर में पानी गिरेगा। इस पर दोपहर ढाई बजे विराम लगा और धीरे-धीरे जब बादलों ने घेरा बनाया और हवाएं चलने लगीं जिसके पश्चात कुछ ही देर में झमझम बारिश शुरू हुई जो लगभग क्षेत्र में पौन घंटे तक होने से ग्रामवासियों को ठंडक का अहसास कराया कि मानसून आ गया है।

लगभग दस दिन पूर्व मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि 22 जून से मानसून आने की संभावना है। जो तय तारीख पर बारिश गिरी, लोगों ने बारिश के नजारे को घरों से निहारा और पानी गिरने की खुशी महसूस की। इससे लोगों को चिपचिपी पसीने भरी गर्मी से राहत महसूस हुई ।

डीजल-पेट्रोल संकट गहराया, किसान परेशान

▶ मानपुर जनपद क्षेत्र में वाहन चालकों की चिंता बढ़ी

चिल्हारी नवभारत 22 जून। मानपुर जनपद क्षेत्र में इन दिनों डीजल एवं पेट्रोल की गंभीर समस्या ने आमजन और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र की अधिकांश आबादी कृषि पर आधारित है और आगामी दिनों में खेती-किसानी का कार्य तेज होने वाला है। ऐसे समय में ईंधन की कमी किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है।

जानकारी के अनुसार मानपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित होने से किसानों को अपने कृषि कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की जुताई, बुवाई, सिंचाई और कृषि यंत्रों के संचालन के लिए डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में ईंधन नहीं मिलने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।

खेती का कार्य हो सकता है प्रभावित

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कृषि ही आजीविका का प्रमुख साधन है। बारिश का मौसम शुरू होने वाला है और किसान खेती की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ट्रैक्टर, पंपसेट और अन्य कृषि उपकरण डीजल पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि समय पर डीजल उपलब्ध नहीं हुआ तो खेती का कार्य प्रभावित हो सकता है, जिसका सीधा असर किसानों की आय और उत्पादन पर पड़ेगा।

पेट्रोल पंपों पर घंटों करना पड़ रहा इंतजार

दूसरी ओर पेट्रोल की कमी से आम नागरिकों को भी रोजमर्रा के कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग, छोटे व्यापारी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोग ईंधन संकट के कारण प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को पेट्रोल पंपों पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर सीमित मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस की किसान रैली आज

चिल्हारी नवभारत 22 जून। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मानपुर के अध्यक्ष उमाशंकर पटेल ने 23 जून को आयोजित होने वाली किसान रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं, किसान भाइयों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि किसानों की खाद-बीज, डीजल-पेट्रोल, बिजली संकट एवं बढ़ती खेती लागत जैसी समस्याओं को लेकर 23 जून को प्रात: 11 बजे ग्रामीण खेल मैदान मानपुर से विशाल किसान रैली निकाली जाएगी, जो बस स्टैंड मानपुर पहुंचकर आमसभा में परिवर्तित होगी। इसके पश्चात किसानों की विभिन्न मांगों के संबंध में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मानपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

हादसा | बिना मुंडेर का कुआं बना मौत का कारण, 20 जून को शादी समारोह में शामिल होने घर से निकला था

बाइक सहित कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत

चिल्हारी नवभारत 22 जून। जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असोढ़ में सोमवार दोपहर एक कुएं से एक व्यक्ति का शव एवं उसकी बाइक बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कामता पटेल उम्र लगभग 58 वर्ष निवासी ग्राम चिमटा 20 जून को शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से अशोढ ग्राम जाने के लिए निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट अमरपुर चौकी में दर्ज कराई गई थी। सोमवार को ग्राम असोढ़ स्थित माटिहाई हार मे एक कुएं में बाइक और शव दिखाई देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पंचनामा कार्रवाई पश्चात पुलिस मामले की कर रही जांच

घटना की जानकारी मिलते ही इंदवार थाना प्रभारी एवं अमरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना से परिजनों और क्षेत्र में शोक का माहौल है।